CAMBRIDGE
International Education

# Cambridge International AS Level

**HINDI LITERATURE** **8675/04**

Paper 4 Hindi Literature **October/November 2025**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2025 series for most Cambridge IGCSE, Cambridge International A and AS Level components, and some Cambridge O Level components.



© Cambridge University Press & Assessment 2025 

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptions for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently, e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.

© Cambridge University Press & Assessment 2025 

**Annotations guidance for centres**

Examiners use a system of annotations as a shorthand for communicating their marking decisions to one another. Examiners are trained during the standardisation process on how and when to use annotations. The purpose of annotations is to inform the standardisation and monitoring processes and guide the supervising examiners when they are checking the work of examiners within their team. The meaning of annotations and how they are used is specific to each component and is understood by all examiners who mark the component.

We publish annotations in our mark schemes to help centres understand the annotations they may see on copies of scripts. Note that there may not be a direct correlation between the number of annotations on a script and the mark awarded. Similarly, the use of an annotation may not be an indication of the quality of the response.

The annotations listed below were available to examiners marking this component in this series.

**Annotations**

| Annotation | Meaning |
|---|---|
| ? | Unclear |
| ^ | Omission mark |
| ✗ | Incorrect point |
| DET | Relevant detail |
| DEV | Development |
| EG | Example / reference |
| EVAL | Evaluation |
| Highlight | Highlighting areas of text |
| IR | Irrelevant |
| Off Page Comment | Allows comments to be entered in speech bubbles on the candidate response. |
| On Page Comment | Allows comments to be entered at the bottom of the RM marking window and then displayed when the associated question item is navigated to. |
| REP | Repetition |
| SEEN | Indicates that the point has been noted, but no credit has been given (big). |
| ✓ | Correct point |

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

Indicative content

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| **भाग 1** | | |
| 1 | **सूरसागर सार: सूरदास और श्री रामचरितमानस: तुलसीदास** | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(a) | प्रस्तुत पद सूरसागर सार के विनय तथा भक्ति खंड से उद्धृत है। हिंदी साहित्य में कृष्ण-भक्ति का प्रसार करने वाले कवियों में सूरदास का मूर्धन्य स्थान है। महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में भक्त कवि के रूप में प्रसिद्ध है। वे महाकवि तो थे ही, पर कवि होने से पहले भक्त थे। सूरदास ने श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा ली थी। वल्लभाचार्य पुष्टिमार्गी थे। अत: सूरदास पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव अनिवार्य रूप से पड़ा था। पुष्टिमार्ग के अनुसार कृष्ण का अनुग्रह ही पुष्टि है। कृष्ण उपास्य देव और पारब्रह्म परमेश्वर है जो अवतार लेता है और अपने भक्तों को प्रसन्न करता है। इस प्रकार एक ओर तो वह अक्षर पारब्रह्म है और दूसरी ओर भक्तवत्सल मानुष-रूपधारी एवं लीला-बिहारी कृष्ण है। उनकी महत्वपूर्ण काव्य रचना सूरसागर श्रीमद्भागवत पर आधारित है।<br><br>वल्लभाचार्य जी से दीक्षा लेने से पहले सूरदास ने विनय के पद ही लिखे थे। इस पद में सूरदास सांसारिक माया का वर्णन करते हैं। माया भक्त को प्रभु कृपा का गुणगान करने से विचलित करती है। भगवान के गुणों की अनंतता और माया की प्रबलता बताते हुए सूरदास प्रभु से चित्त देकर अपनी विनती सुनने की प्रार्थना करते हैं। वे कहते हैं कि मैं आपके गुणों का गान तो नहीं कर सकता क्योंकि वे अथाह हैं। उनकी असमर्थता का कारण सांसारिक माया है जो उन्हें उसी प्रकार से वशीभूत की हुई है जैसे कोई नटी अपने हाथ में लकड़ी लेकर नर्तक को अपनी इच्छानुसार करोड़ों प्रकार से नाच नचाती है। अर्थात संसार के भौतिक प्रलोभन भक्त और भगवान के बीच व्यवधान लाते हैं। सूरदास कहते हैं कि यह माया मुझे अपने वश में करके मेरे हृदय में लोभ उत्पन्न कर मुझसे अनेक प्रकार के कार्य करवाती है। मेरी बुद्धि को भ्रमित कर तुम्हारे प्रति कपट करवाती है। माया के वशीभूत मन अनेक प्रकार की अभिलाषाओं और लोभ के वशीभूत होकर रात भर जागता है। जिस प्रकार से स्वप्न में मिली सम्पत्ति वास्तविक नहीं होती, पर स्वप्न में वह असली लगती है, उसी प्रकार से संसार के नाशवान भोगों को सच्चा दिखाकर यह माया मेरी बुद्धि में भ्रम उत्पन्न कर देती है जिसके कारण मैं उन मिथ्या सुखों को सच्चा समझने लगता हूँ। सूरदास माया की उपमा मोहिनी स्त्री से करते हैं जो उनकी आत्मा को मोहित कर उन्हें कुमार्ग की ओर ले जाती है। जिस प्रकार दूती दूसरे की स्त्री को बहलाकर दूसरे पुरुष को दिखा देती है, उसी प्रकार यह माया मुझे भुलावे में डालकर सुमार्ग से विमुख कर कुमार्ग की ओर ले जाती है। सूरदास प्रभु से विनती करते हैं कि वे ही उनके रक्षक हैं जो उन्हें माया के मोहपाश से मुक्त कर अपनी शरण में ले सकते हैं। वे कहते हैं कि हे प्रभु तुम्हारी कृपा के बिना मेरे दुखों को कौन दूर कर सकता है। प्रस्तुत पद में माया के प्रलोभन से दुखी सूरदास प्रभु से याचना करते हैं कि वे ही उन्हें माया से मुक्त कर उनके इस दुख को दूर कर सकते हैं। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(a) | पुष्टिमार्ग के अनुसार ईश्वर की कृपा ही पुष्टि है। ईश्वर कृपा से ही जीव सांसारिक माया में लिप्त होने से बच सकता है। माया की प्रबल शक्ति को कबीरदास ने भी, 'कबीर माया पापणी फंद ले बैठी हादि' कहकर भक्ति के मार्ग में बाधक माना है। प्रस्तुत पद में माया को नटी के रूप में चित्रित करने में रूपक अलंकार है जिसका निर्वाह पूरे पद में किया गया है। 'नाच नचावै', 'लोभ लागि लिए', 'कपट करावति', 'महा मोहिनी मोहि' आदि में अनुप्रास अलंकार, 'सोवत सपने में ज्यौं संपति...' में उपमा अलंकार तथा 'ज्यों दिखावै' में दृष्टांत अलंकार इस पद के कला पक्ष की विशेषता है। सूरदास की रचनाओं में भक्ति की अनन्यता से भाव पक्ष और ब्रजभाषा की प्रांजलता, माधुर्य और अलंकारों के सहज प्रयोग से कला पक्ष समृद्ध हुआ है। वे भक्तिकाल के कृष्ण भक्ति शाखा के श्रेष्ठ कवि हैं। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | महाकवि तुलसीदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। श्रीरामचरित मानस की रचना का प्रमुख उद्देश्य भगवान श्रीराम का मनुष्य रूप में अवतार लेकर दुष्टों का दमन, साधुओं का परित्राण और धर्म की स्थापना करना है। राम-कथा में इस उद्देश्य की पूर्ति रावण के वध, विभीषण के राज्याभिषेक और राम, सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान के अयोध्या लौटने पर राम के राज्यारोहण से हुई।<br><br>बालकाण्ड श्रीरामचरित मानस का प्रथम काण्ड है। महाकाव्य की परम्परा में तुलसीदास रामकथा प्रारंभ करने से पहले शब्द, अर्थ, रस और छंद को सफल करने वाली देवी सरस्वती और सकल मंगलकारी गणेश की वंदना करते हैं। देवी-देवताओं के आवाहन और श्री वाल्मीकि जी तथा पवनपुत्र हनुमान की वंदना करने के बाद वे दीन-दुखियों के संरक्षक सीताराम के अभिन्न स्वरूप की वंदना करते हैं। इसके बाद तुलसीदास ने रामकथा के महत्व का वर्णन करते हुए उसको कलियुग में समस्त मनोरथ पूर्ण करने वाला मानकर राम ‘नाम’ की महिमा की प्रशस्ति की है।<br><br>तुलसीदास ने बालकाण्ड में अनेक उदाहरणों द्वारा राम नाम के प्रभाव का वर्णन किया है। वे कहते हैं कि नाम अग्नि, सूर्य और चंद्रमा का हेतु, ब्रह्मा, विष्णु और शिव रूप है। वे नाम को वेदों का सार और निर्गुण उपमा रहित और गुणों का सार मानते हैं। नाम की महिमा अद्भुत है क्योंकि इसमें पूरी सृष्टि समाई हुई है। काशी में मुक्ति प्रदान करने वाले महेश्वर शिव जी राम नाम का जाप करते हैं और नाम की महिमा जानने वाले गणेश जी सबसे पहले पूजे जाते हैं। आदि कवि वाल्मीकि उलटा नाम, ‘मरा’, ‘मरा’ का जाप करके पवित्र हो गए थे, वे भी राम नाम की महिमा जानते थे। पार्वती के हृदय में राम नाम की प्रीति देखकर शिवजी ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी बनाया। नाम के प्रभाव से शिव के कालकूट विष ने उन्हें अमृत का फल दिया।<br><br>तुलसीदास ने राम की भक्ति की तुलना वर्षा ऋतु और नाम को सावन-भादों के महीने से उपमित किया है। जैसे वर्षा ऋतु ऊसर धरती पर भी अन्न उपजा सकती है, उसी प्रकार से राम नाम अयोग्य व्यक्ति को भी मनोवांछित फल दे सकता है। नाम के दो अक्षर जगत का पालन करने वाले हैं। राम और नाम में सेवक और स्वामी का संबंध बताते हुए तुलसीदास कहते हैं कि जिस प्रकार स्वामी के पीछे सेवक चलता है उसी तरह राम अपने नाम के पीछे अनुगमन करते हैं। अत: भीतर और बाहर दोनों तरफ उजाला पाने के लिए तो मुख रूपी द्वार की जीभ रूपी देहली पर राम नाम रूपी मणि दीप को प्रतिष्ठित करना वांछित है। वे नाम को ब्रह्म के निर्गुण और सगुण दोनों रूपों से श्रेष्ठ मानते हैं क्योंकि उसके द्वारा ब्रह्म के दोनों रूपों तक पहुँचा जा सकता है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | यह सर्वविदित है कि श्रीराम ने तो केवल सुग्रीव और विभीषण को अपनी शरण प्रदान की, लेकिन राम नाम ने अनेक गरीबों पर कृपा की है। नाम की यह सुंदर महिमा लोक और वेद में प्रचलित है। श्रीराम ने तो केवल भालुओं और वानरों की सेना बनाई और समुद्र पार जाने के लिए कुछ श्रम नहीं किया, परंतु नाम लेने मात्र से भवसागर सूख जाता है। अत: प्रश्न यह है कि राम और नाम में कौन अधिक प्रभावशाली है। श्रीराम ने रावण को सपरिवार मारने के उपरांत सीता सहित अयोध्या में प्रवेश कर राज्याभिषेक के बाद अवध को राजधानी बनाया। देवता और मुनि गण उनकी महिमा का वर्णन करते हैं। परंतु उनके सेवक अर्थात भक्तजन प्रेम पूर्वक नाम के स्मरण मात्र से अनायास मोह माया की प्रबल सेना पर विजय पाकर उन्मुक्त और प्रेम मग्न भाव से सुख में आत्मलीन होकर विचरण करते हैं। यह नाम का ही प्रसाद है जिसके प्रभाव से उन्हें सपने में भी कोई चिंता नहीं सताती। इन समस्त उदाहरणों द्वारा तुलसीदास प्रभु के नाम की अपार महिमा की प्रतिष्ठा करते हैं। नाम का जप करके मनुष्य रोग, शोक आदि समस्त सांसारिक दुखों से मुक्त हो सकता है। तुलसीदास कहते हैं कि निष्कर्ष स्वरूप नाम की महिमा ब्रह्म और राम से कहीं अधिक है। यह वरदान देने वालों को भी वर देने वाला है। शिव जी ने राम नाम की महिमा अपने हृदय में जानकर ही सौ करोड़ रामचरित्रों में से इस 'राम' नाम को अपनाया है।<br>बालकांड में तुलसीदास 'चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका।<br>भए नाम जपि जीव बिसोका' तथा<br>राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।<br>तुलसी भीतर बाहरेहुँ जौं चाहसि उजियार'<br>द्वारा नाम को तीनों काल में शोक का हरण करने वाला और भीतर और बाहर के अंधकार को दूर करके उजियाला करने वाला कहा है।<br><br>निष्कर्ष स्वरूप तुलसीदास ने अपना प्रमाण दिया कि राम नाम मनोकामना पूर्ति करने वाला कल्पवृक्ष है जिसको स्मरण करने से भाँग सा निकृष्ट तुलसीदास तुलसी पत्र के सदृश पवित्र हो गए। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | छायावाद के उन्नायक कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध 'गहन है यह अंध कारा' शीर्षक कविता की गणना उनकी आत्म-साक्षात्कार की कविताओं में की जाती है। निराला की कविताओं में अभिव्यक्ति के जितने धरातल मिलते हैं वे अन्यत्र दुर्लभ हैं। निराला गहन अनुभूति के कवि हैं उनकी कविता की संवेदना उनके जीवन के उतार-चढ़ाव के अनुभवों की गहनता को निर्मम सच्चाई से अभिव्यक्त करती है। प्रस्तुत कविता में निराला ने निरंतर संघर्षशील जीवन की छाया में आंतरिक संवेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति की है।<br>प्रस्तुत कविता छायावाद के प्रमुख कवि निराला के आत्मसाक्षात्कार के गीत का एक अद्वितीय उदाहरण है। कवि ने अपने निजी जीवन की विडम्बना का मार्मिक चित्रण प्राकृतिक बिम्ब विधान के माध्यम से किया है। यह गीत निरंतर संघर्षशील जीवन की छाया में नितांत निराशाजनक अनुभूति को छायावाद की अभिव्यंजना शैली में प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह गीत कवि के अंतरंग क्षणों का साक्षी है। कवि ने अपने जीवन के दुखों और संघर्षों के अबाध अंधकार को अंधेरी कारा के रूपक द्वारा व्यक्त किया है। निराशा में डूबे मन में अंधकार इतना गहरा है, प्रकाश की कोई किरण तक नहीं दिखलाई देती। ऐसे में उससे बाहर निकलने की आशा तक नहीं की जा सकती। विषम परिस्थिति में जब अपने भी स्वार्थवश मुँह मोड़ लें, ऐसी स्थिति में उसके मानस का आकाश सूरज चंद्रमा या तारों के प्रकाश से शून्य प्रतीत होता है। दूर-दूर तक निराशा के अथाह समुद्र का किनारा, अर्थात अंत नहीं दिखाई देता। ऐसे में कवि का एकमात्र सम्बल आत्मचेतना को जागृत करना है। लेकिन उसे खोजने के प्रयास में वह सफल न हो पा रहा है, 'मेरा हृदय हारा' में एक ओर कवि की निराशा और विवशता की अभिव्यक्ति है, पर साथ ही स्व-चेतना को उद्बोधित करने की प्रेरणा भी है। इसमें नैराश्य भाव है, किंतु पराजय का भाव नहीं क्योंकि 'प्रिय' वह संबल है जो निराशा में सुध-बुध खोए मन को चेतना प्रदान कर सकता है। 'प्रिय' को सम्बोधित करने के प्रसंग में निराला के गीतों में व्यक्त आध्यात्मिकता और रहस्यवाद की भावना का उल्लेख अपेक्षित है। एक अज्ञात शक्ति के प्रति निवेदन और समर्पण छायावादी कवि निराला के अध्यात्मवादी प्रवृत्ति का उदाहरण है। कवि अपने दु:ख से कुंठित न होकर उससे उबरने के लिए स्व-चेतना को जागृत करना चाहता है।<br>व्यक्तित्व की 'स्वचेतन अभिव्यक्ति, अभिव्यक्ति की सहजता तथा सघनता, मुक्त छंद, प्रतीकात्मकता, रहस्यवाद, बिम्बविधान आदि छायावाद की प्रमुख विशेषताओं का यह कविता एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कविता कवि के अंतरंग क्षणों की साक्षी है। जीवन के संताप भाव को निराला ने लय, ताल, तुक योजना सहित संयोजित किया है। कवि की मानसिक विषण्णता की सहज अभिव्यक्ति का प्रभाव अत्यंत मार्मिक रूप से पड़ता है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(a) | मुक्त छंद के प्रयोग का यह कविता श्रेष्ठ उदाहरण है।<br>प्रतीकात्मकता: दिनकर, शशधर और तारा आशा के प्रतीक हैं।<br>बिम्ब विधान: रूपक, 'गहन है यह अंध कारा', 'कल्पना का ही अपार समुद्र यह' इत्यादि उदाहरणों सहित लय, ताल, तुक-योजना आदि की कुशलता के साथ निराला के कवित्व की विशेषताओं पर टिप्पणी अपेक्षित है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | छायावाद युग के कवियों में महादेवी वर्मा का विशिष्ट स्थान है। छायावाद का युग राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक आदि सभी स्तरों पर संघर्ष और आंदोलन का युग था। उस युग के जिन कवियों ने भाव और कला पक्ष की दृष्टि से द्विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता से आगे की यात्रा करके हिंदी कविता को एक नवीन अभिव्यंजना शैली और संवेदनशीलता से समृद्ध किया, उनमें महादेवी वर्मा का मूर्धन्य स्थान है। वस्तुत: छायावादी काव्य व्यक्तिवाद का प्रभाव लेकर चला जिसके फलस्वरूप आत्माभिव्यक्ति को प्रमुख स्थान मिला।<br><br>महादेवी जी की कविता की मुख्य संवेदना वेदनानुभूति, रहस्य-भावना, दिव्य सत्ता के प्रति प्रणय भावना, प्रकृति से तादात्म्य और सौंदर्यानुभूति है जिसकी अभिव्यक्ति तत्सम निष्ठ, श्रुति-मधुर शब्दावली, प्रकृति से लिए बिम्बविधान और अलंकारों से समृद्ध भाषा में की गई है। गीतों में उनकी आंतरिक संवेदना की अभिव्यक्ति प्रकृति के उपादानों के रूपक से की गई है जिसमें करुणा का भाव प्रधान है। उनके अपने शब्दों में वे, 'नीर भरी दुख की बदली' हैं। उनकी कविताओं में इस तरह के अनेक बिम्ब हैं जिनसे उनके अंतस की अथाह पीड़ा का संकेत मिलता है। डॉ नगेंद्र के शब्दों में, 'पीड़ा का साम्राज्य ही उनके काव्य-संसार की सौगात है।' 'साम्राज्य मुझे दे डाला, उस चितवन ने पीड़ा का', 'हँस कर पीड़ा ने भर दी छोटी जीवन की प्याली' आदि कविताओं में वे अपनी अनुभूतिजन्य पीड़ा की सहज अभिव्यक्ति करती हैं।<br><br>महादेवी की भाषा की विशेषता उनकी मौलिक उद्भावना है। उन्होंने कल्पना का प्रयोग कर नये-नये शब्द गढ़कर और कुछ पुराने शब्दों को नये संदर्भ में डालकर हिंदी भाषा के भंडार को समृद्ध किया है। भाषा की अभिव्यंजना शक्ति को तराशने की उनमें अद्भुत क्षमता है। छायावादी कवियों में पाई जाने वाली अभिव्यक्ति की गहनता और रहस्यमयता के अनुकूल भाषा की लाक्षणिकता उनकी कविताओं में माधुर्य भरते हैं।<br><br>प्रकृति के प्रति गहरी आत्मीयता का संबंध छायावादी कवियों की विशेषता है। प्रकृति के प्रति छायावादी दृष्टि कौतूहल और रागात्मकता से भरी रही। महादेवी ने प्रकृति के हर स्वरूप में सौंदर्य के दर्शन किए हैं और उसका उपयोग अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए किया। वे प्रकृति में विराट सत्ता के दर्शन और उसके साथ रहस्यात्मक, रागात्मक संबंध स्थापित करती हैं। उनका मानना है, ' छायावाद ने मनुष्य के हृदय और प्रकृति के उस संबंध में प्राण डाल दिए, जो प्राचीन काल से बिम्ब-प्रतिबिम्ब के रूप में चला आ रहा था और जिसके कारण मनुष्य को अपने दुख में प्रकृति उदास और सुख में पुलकित जान पड़ती थी।' प्रकृति के मानवीकरण का श्रेष्ठ उदाहरण वसंत ऋतु की रात्रि की परिकल्पना नायिका के रूपक से की गई है:<br>'धीरे-धीरे उतर क्षितिज से | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | आ वसंत रजनी!<br>तारकमय नव वेणी-बंधन,<br>शीशफूल कर शशि का नूतन<br>रश्मि वलय, सित घन अवगुंठन<br>मुक्ताहल अविराम बिछा दे चितवन से अपनी।'<br>पूरी कविता में रूपक का निर्वाह करना उनकी कविता की विशेषता है।<br>महादेवी अपनी कविताओं में शब्द चयन के प्रति अत्यंत जागरूक रही हैं। तत्सम शब्दों के अत्यधिक प्रयोग से कभी-कभी कविता समझना कठिन हो जाता है। इसके अतिरिक्त तद्भव और विदेशी शब्द भी प्रयुक्त हुए हैं। उनकी कविता में चित्रात्मकता और ध्वन्यात्मकता के सुंदर उदाहरण मिलते हैं। वे कुछ ही शब्दों में संपूर्ण चित्र आँक देती हैं:<br>'पुलकित स्वप्नों की रोमावलि<br>कर में हो स्मृतियों की अंजलि<br>मलयानिल का चल दुकूल अलि!<br>घिर छाया-सी श्याम विश्व को<br>आ अभिसार बनी!<br>सकुचती आ वसंत रजनी!'<br>में सोलह श्रृंगार की हुई अभिसारिका और उसके मन के संकोच का शब्द-चित्र साकार हुआ है। डॉ नामवर सिंह के शब्दों में, 'उनकी कविताओं में जो चित्र आते हैं वे रंगों से भरे हुए हैं।'<br><br>महादेवी के सभी गीत सुर में बाँधे जा सकते हैं। शब्दों की लय और ध्वनि उसे संगीतात्मकता देते हैं:<br>'सिहर-सिहर उठता सरिता उर<br>खुल-खुल पड़ते सुमन सुधा-भर<br>मचल-मचल आते पल फिर-फिर<br>पुलकित यह अवनि!'<br>में शब्दों की पुनरावृत्ति द्वारा संगीत की लय आई है।<br>महादेवी की भाषा में रूपक, उपमा और अनुप्रास का दक्षता से प्रयोग किया गया है। पूरी कविता में एक रूपक का निर्वाह करने का श्रेष्ठ उदाहरण 'जीवन विरह का जलजात' शीर्षक कविता है। महादेवी की कविताओं में छायावाद युग की भाषागत विशेषताओं का श्रेष्ठ रूप मिलता है। डॉ नगेंद्र के शब्दों में, 'महादेवी की कला में रंग धुली तरलता है जैसी पंखुड़ियों पर पड़ी ओस में होती है।' | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **साकेत: मैथिलीशरण गुप्त** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश हिंदी के प्रसिद्ध कवि मैथिलीशरण गुप्त के 'साकेत' महाकाव्य के चतुर्थ सर्ग से उद्धृत है। 'साकेत' की रचना का मूल उद्देश्य रामकथा में उपेक्षित उर्मिला के प्रति न्याय करना था। यह सच है कि 'साकेत' राम-कथा की पृष्ठभूमि में लिखा गया एक चरितकाव्य है और उर्मिला की संवेदना उसकी केंद्र बिंदु! किंतु उसके साथ ही सीता और कैकेयी के प्रसंग में गुप्त जी की नारी भावना की पुष्टि हुई है। गुप्त जी की नारी के प्रति दृष्टि रोमानी न होकर मर्यादावादी और सांस्कृतिक रही है। साकेत मुख्यत: उर्मिला पर केंद्रित होने के कारण उसमें सीता के चरित्र को विस्तार नहीं मिला, पर वनवास के प्रसंग में कवि ने सीता के चरित्र में पतिव्रता भारतीय नारी के पारंपरिक आदर्श रूप का चित्रण किया हैं। गुप्त जी परंपरावादी कवि थे। हिंदू परंपरा के अनुसार पति पत्नी एक दूसरे के पूरक होते हैं। किसी एक के बिना दूसरा अधूरा ही रहता है। पत्नी अपने पति की अर्द्धांगिनी होती है। मैथिलीशरण गुप्त का हृदय नारी जाति के प्रति सम्मान, करुणा और सहानुभूति से परिपूर्ण है। अपनी रचनाओं में उन्होंने सदियों से उपेक्षित उर्मिला, यशोधरा आदि के चरित्र की उदात्तता चित्रित करके एक नवीन परम्परा का सूत्रपात किया। इसी परम्परा की एक कड़ी उनकी नारी भावना का चरम उदाहरण 'साकेत' की सीता है। यद्यपि साकेत में सीता की कथा प्रासंगिक रूप से आई है, तथापि गुप्त जी ने वनवास जाने के पूर्व के प्रसंग में सीता के कथन द्वारा विवाह संस्था में स्त्री के समान अधिकार को अनुमोदित किया है।<br><br>प्रस्तुत काव्यांश राम के वन गमन के पूर्व प्रसंग को दर्शाता है। कैकेयी से वचनबद्ध राजा दशरथ के वचन का पालन करने के लिए राम वन जाने को तत्पर हुए। हैं। सीता का मौन उसके निश्चय की दृढ़ता जताता है। वह तो पहले ही सोच चुकी है कि 'स्वर्ग बनेगा अब वन में।' उसके मन में कोई विकल्प नहीं है क्योंकि वह तो राम रूपी प्रकाश की छाया है। जहाँ राम जाएँगे उनकी छाया उनके पीछे जाएगी। वह राजभवन की सुख सुविधा का परित्याग कर वन में स्वर्ग बनाने की कल्पना से आनंदित होती है। किंतु राम वन के कष्टों का स्मरण करके सीता का निर्णय बदलवाने का प्रयत्न करते हैं। किंतु वन के कष्टों की आशंका सीता के दृढ़ निश्चय को प्रभावित नहीं कर पाई। वह अपने निश्चय पर अडिग है। उसका कहना है कि यदि राम वन में रहकर समस्त कष्ट सह सकते हैं तो वे उसे अपने से अलग क्यों समझते हैं। गुप्त जी ने सीता के माध्यम से भारतीय संस्कृति में विवाह के उपरांत पति-पत्नी के सुख-दुख में बराबर की हिस्सेदारी का अनुमोदन किया है। सीता इस बराबर की हिस्सेदारी को विनष्ट न होने देना चाहती है। वह अपने पति के सुख-दुख की समान रूप से साथी है। जब राम वन में जा रहे हैं तो उसमें भी उसका आधा हिस्सा है क्योंकि वह उनकी अर्द्धांगिनी है। वह माता-पिता की दुहाई देकर कहती है कि स्त्री के सहयोग के बिना पुरुष अधूरा ही है। सीता का आदर्श 'पति ही पत्नी की गति है' द्वारा व्यक्त हुआ है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(a) | सीता का संकल्प है कि वह वन में भी परिवार की मंगल कामना के लिए सभी प्रकार के व्रत-नियम का निर्वाह करेगी। सीता अपनी कर्तव्य भावना का संकल्प करते समय उर्मिला के त्याग को नहीं भूली। वह स्वयं वन में जाकर पत्नी-धर्म का निर्वाह करके भी उर्मिला के सदृश त्याग नहीं कर सकेगी। सीता के मुख से उर्मिला को 'महाव्रता' कहलाने में गुप्त जी का उद्देश्य उर्मिला के त्याग की महानता व्यक्त करना है। वे अपने उद्देश्य के प्रति अत्यंत सजग हैं। उनके अनुसार सीता ने अर्द्धांगिनी होने का कर्तव्य निभाया पर वह भी जानती है कि उर्मिला का त्याग उसके कर्तव्य पालन से कहीं अधिक महान है। डॉ नगेंद्र के शब्दों में, 'साकेत' में आकर राम और सीता की कहानी प्रधानत: उर्मिला की कहानी बन जाती है।' प्रस्तुत काव्यांश रामकथा के प्रसंग में गुप्त जी की परंपरावादी जीवन दृष्टि और नारी-भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। | |
| 3(b) | 'साकेत' मैथिलीशरण गुप्त का कालजयी महाकाव्य है। गुप्त जी को उसको लिखने की प्रेरणा आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपेक्षिता उर्मिला विषयक लेख से मिली थी। उसके पहले कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने बंगला साहित्य में रामकथा के अंतर्गत उर्मिला की उपेक्षा पर ख़ेद व्यक्त किया था। राम भक्त गुप्त जी ने वाल्मीकि और तुलसी की परम्परा से चली आई कथा को आधार बनाया, साथ ही उसमें अनेक मौलिक उद्भावनाएँ कीं जिनमें सबसे प्रधान बात यह है कि 'साकेत' में राम और सीता की कहानी प्रासंगिक और उर्मिला के त्याग की कहानी प्रमुख हो गई। वस्तुत: इसका प्रमुख उद्देश्य साहित्य में उर्मिला के प्रति की गई उपेक्षा का प्रतिकार करके उसको न्यायोचित प्रतिष्ठा प्रदान करना है। इसके पीछे गुप्त जी की नारी भावना है जिसके चलते उन्होंने उर्मिला के त्याग के महत्व और कैकेयी पर लगाए गए विमाता होने के कलुष को धोने की मौलिक उद्भावना की हैं।<br><br>प्राचीन आचार्यों के अनुसार, 'लम्बे कथानक वाला, महान चरित्रों पर आश्रित, नाटकीय पंचसंधियों से युक्त, उत्कृष्ट और अलंकृत शैली में लिखित, जीवन के विविध रूपों और कार्यों का वर्णन करने वाला सर्गबद्ध सुखांत काव्य ही महाकाव्य होता है।' परवर्ती काव्याचार्यों द्वारा महाकाव्य के लिए निम्नलिखित चार लक्षण निर्धारित किए गए हैं: (1) लोक प्रख्यात कथानक, (2) उदात्त चरित्र सृष्टि, (3) विशिष्ट रचना शिल्प और (4) महत उद्देश्य तथा जीवन दर्शन। | 25 |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | अधिकांश महाकाव्यों की कथावस्तु इतिहास-पुराण पर आधारित है क्योंकि ये कथानक इतने प्रख्यात होते हैं कि पाठक उनसे सहज ही जुड़ जाता है। 'साकेत' का कथानक प्रसिद्ध रामकथा पर आधारित है। गुप्त जी ने पूर्ववर्ती राम साहित्य से बहुत कुछ ग्रहण करते हुए उसमें मौलिक उद्भावना की है। महाकाव्य की परंपरा में 'साकेत' का आरंभ मंगलाचरण से होता है। कथा का आरंभ उर्मिला-लक्ष्मण संवाद और राम के राज्याभिषेक की सूचना से होता है। भरत ननिहाल गए हुए हैं। उनकी अनुपस्थिति में राम के अभिषेक को एक षड़यंत्र बता कर दासी मंथरा कैकेयी को भड़काती है। यहाँ तुलसीदास के 'गई गिरा मति फेर' की जगह गुप्त जी ने मनोविज्ञान का सहारा लिया है। कैकेयी के कानों में, 'भरत से सुत पर भी संदेह, बुलाया तक न उसे जो गेह' गूँजता रहता है। राम के साथ सीता और लक्ष्मण के वन जाने की कथा और उर्मिला का पति के साथ जाने का हठ न करके दारुण विरह का वरण करने का प्रसंग गुप्त जी के उद्देश्य, 'उर्मिला के प्रति की गई उपेक्षा का प्रतिकार करके उसको न्यायोचित प्रतिष्ठा प्रदान करना है', को पुष्ट करता है। इसके बाद की घटनाओं का वर्णन गुप्त जी ने साकेत में रहकर ही किया है। विरहिणी उर्मिला को छोड़कर वह नहीं जा सका है। एक बार चित्रकूट गया भी तो 'संप्रति साकेत समाज', जिसमें उर्मिला भी सम्मिलित थी, के साथ गया। वाल्मीकि और तुलसी की रामकथा की परिपाटी से अलग होकर कवि ने कैकेयी से पश्चाताप करा कर उस पर लगे कलंक को धोने का सफल प्रयत्न किया है। नवम और दशम सर्ग में उर्मिला के विरह की कथा के साथ रामायण के बालकाण्ड की कथा को उर्मिला की स्मृति के रूप में वर्णित किया है। एकादश और द्वादश सर्गों में शूर्पनखा प्रसंग, खर-दूषण वध, सीता हरण आदि की कथा तथा लक्ष्मण को शक्ति लगने की कथा हनुमान सुनाते हैं। वशिष्ठ मुनि साकेतवासियों को योग दृष्टि से युद्ध दिखाते हैं। राम-रावण का युद्ध दो राजाओं का युद्ध न होकर आर्य और अनार्य संस्कृतियों का युद्ध बन जाता है। कवि राम की विजय को 'आर्य सभ्यता हुई प्रतिष्ठित, आर्य-धर्म आश्वस्त हुआ' मानता है।<br><br>'साकेत' एक नायिका प्रधान रचना है और त्याग तथा करुणा की साकार प्रतिमा उर्मिला इसकी प्रमुख पात्र है। सभी घटनाओं को नायिका के व्यक्तित्व द्वारा कुशलता से अंवित किया है। कवि ने उसके त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशस्ति राम के मुख से कराई है: 'तूने तो सहधर्म-चारिणी के भी ऊपर, धर्म स्थापन किया भाग्य-शालिनी इस भूपर।'<br><br>'साकेत' का काव्य वैभव अत्यंत समृद्ध है। इसमें शास्त्र विहित नव रस उपलब्ध हैं। शृंगार मुख्य रस है। उर्मिला की विरह वेदना में वियोग शृंगार का परिपाक तथा अन्य रस अलग-अलग प्रसंगों में आए हैं। शिल्प की दृष्टि से यह एक सुगठित रचना है 'साकेत की भाषा शुद्ध खड़ी बोली है जिसमें तत्सम शब्दों की प्रचुरता है। शैली को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए कवि ने अन्योक्ति समासोक्ति आदि का कुशलता से प्रयोग किया है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | कथावस्तु में संधियों की समुचित योजना हुई है। इसमें नाटक और गीत काव्य के तत्वों का समावेश है। अनेक स्थानों पर प्रभात, संध्या, रात्रि, प्रकृति आदि के वर्णन हैं। अंत में फल प्राप्ति के रूप में अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष में से धर्म स्थापना को 'साकेत' का फल माना गया है। कवि का उद्‌देश्य समष्टिगत कल्याण और धरती पर रामराज्य की स्थापना करना है।<br><br>निष्कर्ष रूप में संस्कृत आचार्यों के बताए महाकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'साकेत' एक श्रेष्ठ महाकाव्य है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **स्कंदगुप्त: जयशंकर प्रसाद** | |
| 4(a) | प्रसाद ने अपने नाटकों में नारी पात्रों की योजना विशेष मनोयोग से की है। स्कंदगुप्त नाटक के नारी पात्रों में परस्पर विरोधी चारित्रिक विशेषताएँ परिलक्षित होती हैं। बंधुवर्मा की बहन देवसेना के चरित्र में प्रसाद ने अपनी आदर्श नारी पात्र की कल्पना को साकार किया है। इसके विपरीत मालव की श्रेष्ठि कन्या विजया एक धन लोलुप, महत्वाकांक्षी, आत्मकेंद्रित और प्रतिक्रियावादी स्त्री है। दोनों स्त्रियाँ स्कंदगुप्त से प्रेम करती हैं, लेकिन उनके प्रयोजन नितांत भिन्न हैं। देवसेना का प्रेम त्याग की उदात्त भावना से प्रेरित है और प्रतिदान की अपेक्षा नहीं रखता। विजया अपने अप्रतिम सौंदर्य और पिता के अतुल धन का उपयोग अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए करती है। स्कंदगुप्त के प्रति उसके आकर्षण के पीछे उसका युवराज होना है, लेकिन जब उसे वह अपने अधिकार के प्रति उदासीन देखती है तो वह चक्रपालित के वीर व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित होती है। देवसेना के प्रश्न, 'तुम समझती हो कि वह महत्वाकांक्षी है' कहने पर वह चक्रपालित की जगह गुप्त साम्राज्य के महाबलाधिकृत के पद पर नियुक्त भटार्क का वरण करती है। अंत में अपनी अतुल धनराशि का प्रलोभन देकर स्कंदगुप्त को पाने की चेष्टा में वह भटार्क को भी छलती है। दुविधा, आत्मप्रवंचना और विरोधाभास में डूबा हुआ उसका व्यक्तित्व अपने उद्देश्यों में विफल हो जाता है जिसका अंत आत्महत्या में होता है।<br><br>संगीत की एकांत साधना में लीन देवसेना अपने व्यक्तित्व की उदारता से पाठक का ध्यान आकर्षित करती है। देवसेना ने आजीवन दिया - राष्ट्र को, राष्ट्र के सेनानी स्कंदगुप्त को, प्रतिहिंसा की आग में जलने वाली विजया को - सभी को तन, मन और धन से दिया, किंतु बदले में उसे केवल वेदना मिली, जिसकी अनुगूँज, 'आह वेदना मिली विदाई, मैंने भ्रमवश जीवन संचित मधुकरियों की भीख लुटाई' के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ देती है।<br><br>देवसेना में गांभीर्य और दृढ़ता है। प्रथम अंक के अंतिम दृश्य में जब वह पाठक के सामने पहली बार आती है तभी उसमें, 'देश के मान का, स्त्रियों की प्रतिष्ठा का बच्चों की रक्षा के सामाजिक दायित्व का' संकल्प सुनने को मिलता है। देवसेना संगीत की अनन्य प्रेमिका है उसे जीवन और जगत के कण-कण में एक लय और तान सुनाई देती हैं। युद्ध और प्रेम में वह संगीत का योग चाहती है। उसके जीवन का आदर्श, 'एकांत टीले पर, सबसे अलग, शरद के सुंदर प्रभात में फूला हुआ, फूलों से लदा हुआ, पारिजात वृक्ष है।' | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | देवसेना हूणों के आक्रमण काल में अंत:पुर की रक्षा के लिए एक सच्ची क्षत्राणी के रूप में सामने आती है। वह युद्ध से जरा भी भयभीत या उद्विग्न नहीं लगती है। देश के सम्मान की रक्षा में जिस सहिष्णुता, त्याग, सेवा भाव और निष्ठा की अपेक्षा होती है, वह उसमें स्वाभाविक रूप से विद्यमान है। इसके विपरीत विजया क्षत्रित्व की भावना को समझने में सर्वथा असमर्थ है। युद्ध के कोलाहल से घबरा कर वह जयमाला से कहती है, 'महारानी किसी सुरक्षित स्थान में निकल चलिए।'<br><br>देवसेना के व्यक्तित्व में हृदय पक्ष की प्रधानता के साथ गंभीरता है। इसके विपरीत विजया के चरित्र में चंचलता और अविवेक है जिसके वशीभूत होकर ही वह स्कंदगुप्त, चक्रपालित और भटार्क के प्रति आकर्षित होती है। देवसेना स्कंदगुप्त के प्रति आकर्षित है, किंतु स्कंदगुप्त को विजया के प्रति आकृष्ट देख कर वह भावना से कर्तव्य को अधिक महत्वपूर्ण मानकर अपनी कोमलतम कामनाओं की आहुति दे देती है। यहीं से उसके प्रेम की भौतिक भावना त्याग और राष्ट्र कल्याण की कर्तव्य भावना में परिणित हो जाती है। स्कंदगुप्त को अपना सब कुछ देकर बदले में कुछ नहीं लेना चाहती है क्योंकि देवसेना 'मूल्य देकर प्रणय नहीं लेना चाहती।' देवसेना का कथन, 'मैंने उनसे (स्कंद से) प्रेम की चर्चा करके उनका अपमान नहीं होने दिया है...जब हृदय में रुदन का स्वर उठता है तभी मैं संगीत की वीणा मिला लेती हूँ।' अंत में अपना राज्याधिकार भाई को सौंप कर स्कंदगुप्त जब देवसेना से प्रणय निवेदन करता है 'साम्राज्य तो नहीं है, मैं बचा हूँ। वह अपना ममत्व तुम्हें अर्पित करके उऋण होऊँगा और एकांतवास करूँगा! देवसेना ! किसी कानन के कोने में तुम्हें देखता हुआ जीवन व्यतीत करूँगा।' स्कंदगुप्त के इस ममत्व भरे आत्मनिवेदन ने उसकी आंतरिक लालसा परितृप्त कर दी, पर उसके चरित्र की गंभीरता 'प्रतिदान लेकर मैं उस महत्व को कलंकित नहीं करूँगी' द्वारा व्यक्त होती है। स्कंदगुप्त, जिसे उसने आजीवन एकांत भाव से प्रेम किया उसके निवेदन को अस्वीकार करने में उसके मर्यादित चरित्र की गहराई के दर्शन होते हैं। लेकिन देवसेना के कथन, 'हृदय की कोमल कल्पना! सो जा जीवन में जिसकी संभावना नहीं , जिसे द्वार पर आए हुए लौटा दिया था, उसके लिए पुकार मचाना क्या तेरे लिए अच्छी बात है?', से स्पष्ट है कि ऊपर से कठोर लगने वाली देवसेना पाषाणी नहीं है।<br><br>देवसेना और विजया के चरित्र की विरोधी प्रवृत्तियों को प्रसाद ने सजीव रूप से चित्रित किया है दोनों का अंत दुखद है, लेकिन विजया स्कंदगुप्त से प्रणय निवेदन करके प्रताड़ित और भटार्क से अपमानित होकर जब आत्महत्या करती है भटार्क उस के शव का अंतिम संस्कार तक नहीं करना चाहता है। इसके विपरीत नाटक के अंत में देवसेना के अकेलेपन में एक आध्यात्मिक अवसाद की अनुभूति है जो नाटक शेष करने के बाद भी हृदय में एक करुण रागिनी का प्रभाव छोड़ती है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | हिन्दी नाट्य साहित्य की परम्परा में जयशंकर प्रसाद का एक विशिष्ट स्थान है। प्रसाद एक सफल नाटककार होने के साथ छायावाद युग के प्रमुख कवि, उपन्यासकार और निबंध लेखक भी हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा 'स्कंदगुप्त' नाटक में गद्य की भाषा में कविता के माधुर्य, ऐतिहासिक नाटक के अनुकूल संवादों में तत्सम बहुल शब्दावली, पात्रों के मनोभावों की अभिव्यक्ति के लिए स्वगत कथन और गीतों के प्रयोग, मनोदशा के अनुकूल वातावरण चित्रण, पात्रों के सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक विश्लेषण और कलात्मक प्रांजलता के रूप में अभिव्यक्त हुई हैं।<br><br>'प्रसाद के नाटकों में 'स्कंदगुप्त' नाटक का विशिष्ट स्थान हैं। 'स्कंदगुप्त' एक ऐतिहासिक नाटक है। नाटक में ऐतिहासिक वातावरण को प्रामाणिक रूप से चित्रित करने के लिए प्रसाद ने पात्रों के चरित्र के अनुसार संवाद रचे हैं। नाटक एक दृश्य काव्य है जिसकी सार्थकता रंगमंच पर सफल रूप से प्रस्तुत करने में मानी जाती है। इस दृष्टि से आलोचकों ने नाटक की भाषा पर क्लिष्टता, संवादों और स्वगत कथनों पर बहुत लम्बे होना और गीतों की अधिकता के कारण रंगमंच की दृष्टि से अनुपयुक्त माना है। इस प्रकार के अंश नाटक के अभिनय में कठिनाई उपस्थित कर सकते हैं।<br><br>'स्कंदगुप्त' नाटक की भाषा संस्कृत तत्सम प्रधान, प्रांजल खड़ी बोली है जो ऐतिहासिक पात्रों के देश-काल के सर्वथा उपयुक्त है। संवादों के माध्यम से प्रसाद ने कथावस्तु के क्रिया व्यापार और पात्रों के चरित्र की सूक्ष्म विशेषताओं को उद्घाटित किया है। प्रसाद के व्यक्तित्व की दार्शनिकता और काव्यात्मक भावुकता उनके कथोपकथन में झलकती है। संवादों में कविता का प्रयोग भारतीय नाट्य परंपरा की देन है। दार्शनिकता के आग्रह से कहीं-कहीं दुरूहता आई है, लेकिन वह पात्र विशेष की चारित्रिक विशेषता को रेखांकित करने में सक्षम है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | नाटक की भाषा काव्यात्मक, प्रतीकात्मक, व्यंजना-प्रधान, भाव-प्रधान और बिम्ब-प्रधान है। भाषा में नाटकीयता बनाए रखने के लिए प्रसाद ने मुहावरों का सटीक प्रयोग किया है। भाषा की पात्रानुकूलता का उदाहरण मातृगुप्त, देवसेना, स्कंदगुप्त आदि के संवादों की भाषा में दर्शनीय है। मातृगुप्त कवि है, शक और हूणों की सेना के आतंक फैलाने की स्थिति में मातृगुप्त कविता में प्रार्थना करता है: 'उतरोगे अब कब भू-भार, बार-बार क्यों कह रखा था लूँगा मैं अवतार।' उसके भाव-प्रवण संवाद का उदाहरण, 'अमृत के सरोवर में स्वर्ण कमल खिल रहा था, भ्रमर वंशी बजा रहा था... तभी स्वप्न टूट गया।' जैसे कथन में देखने को मिलता है। मातृगुप्त और जयमाला के संवादों की भाषा में दार्शनिकता का पुट है। मालव दुर्ग पर शकों के आक्रमण के समय जयमाला, देवसेना और विजया के वार्तालाप में संगीत संबंधित शब्दों के माध्यम से प्रसाद ने जो बिम्ब उकेरे हैं वे देवसेना के भावुक चरित्र को चित्रित करते हैं। देवसेना संगीत की अनन्य प्रेमिका है, वह जीवन और जगत के कण-कण में एक लय और तान देखती है। भयानक युद्ध की आशंका में देवसेना का गाना, 'भरा नैनों में मन में रूप', उसके चरित्र के अनुकूल है। वस्तुत: इस प्रकार के अंश नाटक के जटिल राजनीतिक घटनाचक्र की शुष्कता से एक विराम देते हैं।<br><br>पात्रानुकूल भाषा इस नाटक की बड़ी विशेषता है। 'स्कंदगुप्त' नाटक में स्वगत कथन प्रचुर मात्रा में हैं। प्रसाद स्वगत कथन के माध्यम से पात्रों के मानसिक उद्‌वेलन को संप्रेषित करते हैं। स्कंदगुप्त की आस्था पराजय और छल-कपट के बीच झूलती है, कहीं उसके भीतर का सैनिक भ्रष्ट राजनीति से उद्‌वेलित है और कभी उसका विरागी मन उसे इन सबसे दूर जाने को प्रेरित करता है। पर व्यक्तिगत उदासीनता के साथ वह राष्ट्र रक्षा के लिए भी तत्पर है। उसके मन का द्‌वंद्‌व स्वगत में व्यक्त हुआ है, 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृहा उससे बेगार कराती है। ...जो कुछ हो हम तो साम्राज्य के एक सैनिक हैं।' इस एक स्वगत कथन में स्कंदगुप्त के पूरे जीवन के क्रियाकलाप शब्दबद्‌ध हो गए हैं जिसका अंत विजय में जीते राज्य को पुरगुप्त को देकर 'हतभाग्य स्कंदगुप्त, अकेला स्कंद' में होता है। शर्वनाग, विजया आदि के स्वगत कथन उनकी मानसिकता को समझने में सहायक हैं। कमला. रामा और अनंतदेवी के संवाद कटूक्तियों से भरे हुए हैं। महारानी देवकी की हत्या के षड़यंत्र में लगे शर्वनाग को रामा फटकारते हुए कहती है, 'ओह! मैं समझ गई! तूने बेच दिया पिशाच के हाथ अपने को बेच दिया!' अनंतदेवी की महत्वाकांक्षा उसके संवादों से व्यक्त होती है। संवादों का प्रयोग घटनाक्रम को आगे बढ़ाने के लिए भी किया गया है। कई लम्बे संवाद रंगमंच की दृष्टि से उपयुक्त नहीं लगते। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | प्रसाद के कवि हृदय की झलक नाटक के अनेक गीतों में मिलती है। इन गीतों को आमोद गीत, प्रार्थना गीत, उद्बोधन गीत, प्रेम गीत, वेदना गीत आदि श्रेणियों में बाँटा जा सकता है। देवसेना के गाए गीत उसके भावुक हृदय के उद्गार हैं। 'घने प्रेम तरु तले' गीत में वह प्रेम की शीतलता और कोमलता का बखान करती है। 'माझी साहस है खेलोगे?' में जीवन नौका को गतिमान रखने का संदेश है। 'देश की दुर्दशा निहारोगे' में राष्ट्र की विपन्नावस्था के प्रति नागरिकों की उदासीनता से उत्पन्न व्यथा है। अंत में देवसेना का 'आह वेदना मिली विदाई' एक करुण रागिनी छेड़ता है।<br>विजया के गीतों में यौवन की मादकता घुली हुई है। वह भटार्क और स्कंदगुप्त को आकर्षित करने के लिए गीतों का सहारा लेती है। नर्तकियों का गीत कुमारगुप्त की राजसभा के आमोद-प्रमोद के वातावरण को चित्रित करता है। मातृगुप्त का गीत, 'संसृति के वे'...कश्मीर में बिताए सुखद जीवन की स्मृतियाँ जगाता है। रणक्षेत्र में स्कंदगुप्त, भटार्क आदि का गाया गया गीत, 'हिमालय के आंगन में...' उनकी भावी विजय का पूर्वघोष लगता है। इस गीत की गणना हिंदी के श्रेष्ठ देशभक्ति के गीतों में की जाती है। जब गद्य की भाषा आंतरिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने में छोटी पड़ने लगती है, प्रसाद के भीतर का कवि सक्रिय हो जाता है। रंगमंच पर इन गीतों की प्रभावांविति के विषय में आलोचकों में मतभेद हो सकता है। लेकिन ये गीत निश्चित रूप से हिंदी साहित्य की मूल्यवान थाती हैं। प्रसाद की भाषा प्रसंग, पात्र और रस के अनुकूल होकर कहीं सरस, कहीं ओजस्वी और कही व्यावहारिक बनी है यह उसकी सबसे महत्वपूर्ण सफलता है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह: संपादक सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | चन्द्रधर शर्मा गुलेरी एक ऐसे कहानीकार हैं जिन्होंने केवल तीन कहानियाँ लिखकर हिंदी साहित्य में एक अविस्मरणीय स्थान बना लिया। 'उसने कहा था' हिंदी कथा साहित्य की एक विशेष उपलब्धि मानी जाती है। सौ वर्ष से भी पहले लिखी गई इस कहानी की गणना आज भी हिंदी की दस बेमिसाल कहानियों में की जाती है। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की 'उसने कहा था' निस्वार्थ प्रेम एवं बलिदान की मार्मिक कहानी है\| कहानी प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि पर लिखी गई है। कहानी का मुख्य पात्र लहनासिंह है जिसका पहला परिचय अमृतसर के बाज़ार में होता है। उस समय वह बारह वर्ष का शरारती और चुलबुला लड़का है। उसका यह शरारतीपन बाद में युद्ध के मैदान में भी दिखलाई देता है जब वह लपटन साहब के वेश में आए जर्मन गुप्तचर की असलियत का पता लगाता है।<br><br>लहनासिंह अपने मामा के घर आया हुआ है। वह अपने मामा के केश धोने के लिए दही लेने बाज़ार आया वहीं उसकी मुलाकात एक आठ वर्षीय लड़की से होती है। अपनी शरारत करने की आदत के कारण वह लड़की से पूछता है, 'तेरी कुड़माई हो गई?' इस पर लड़की कुछ आँखें चढ़ाकर 'धत' कहकर भाग गई। और फिर यह मजाक ही उस लड़की से उसका संबंध सूत्र बन जाता है। लेकिन मजाक में पूछा गया यह सवाल उसके दिल में उस अनजान लड़की के प्रति मोह पैदा कर देता है। ऐसा मोह जिसे ठीक से समझने की उसकी उम्र नहीं है। लेकिन एक दिन यही सवाल पूछने पर जब उसकी संभावना के विपरीत लड़की ने कहा, 'हाँ, देखते नहीं यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू?' तो उसके हृदय को आघात लगता है और वह अपना गुस्सा सड़क चलतों पर निकालता है। लहनासिंह के चरित्र का यह पक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण तो है लेकिन अस्वाभाविक नहीं। लड़की के प्रति उसका व्यवहार बालोचित मोह है जो लगातार एक माह तक उससे मिलने के कारण पैदा हुआ है।<br><br>लहनासिंह के चरित्र की एक विशेषता उसका साहस है जो बचपन में ही देखने को मिलता है। एक दिन तांगे वाले का घोड़ा जब दही वाले की दुकान के पास बिगड़ गया था तो उसने अपनी जान की परवाह किए बिना लड़की को तांगे के नीचे आने से बचाया था और स्वयं घोड़े के आगे चला गया था। उसके चरित्र के ये दोनों पक्ष - अनजान लड़की के प्रति स्नेह और साहस उसके व्यक्तित्व को निर्धारित करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(a) | बड़ा होकर किसान का बेटा लहनासिंह खेती छोड़कर फौज में भरती हो गया। सेना में वह एक मामूली जमादार है। आठ वर्ष की लड़की का उसे ध्यान ही नहीं। सात दिन की छुट्टी लेकर अपनी जमीन की पैरवी करने अपने गाँव गया तो रेजीमेंट से फौरन लौटने का बुलावा आया। साथ ही उसे सूबेदार हजारासिंह की चिट्ठी मिली कि मैं और बोधासिंह भी लाम पर जाते हैं हमारे घर होते जाना, साथ ही चलेंगे।<br>वह अनुशासन में रहने वाला और बड़ों को आदर देने वाला सैनिक है। सूबेदार के घर जाकर वह सूबेदारनी को 'मत्था टेकना' कहकर पूरा आदर देता है।<br><br>लहनासिंह अत्यन्त विनोदी स्वभाव का हँसमुख सैनिक है। फ्रांस - बेल्जियम के रणक्षेत्र में खन्दक के अन्दर पड़े हुए सैनिकों के साथ हास्य-विनोद में भाग लेता है, वजीरासिंह के साथ हँसी-मजाक करता है, फिरंगी मेम के बारे में भी चुटकी लेता है और अपने कर्तव्य का भी पूरा ध्यान रखता है।<br><br>उसके साधारण जीवन में जबरदस्त मोड़ तब आता है जब सूबेदार के घर में उसकी मुलाकात सूबेदारनी से होती है। सूबेदारनी ने उसे इतने सालों बाद भी देखते ही पहचान लिया जिससे पता चलता है कि बचपन की घटना उसको कितना प्रभावित कर गई थी। उसके मुँह से बचपन की घटना के बारे में सुनकर बचपन की स्मृति जाग जाती है। समय ने जिन यादों पर एक गहरी परत बिछा दी थी एकाएक सूबेदारनी ने उस परत को हटा दिया। उन्हीं यादों का वास्ता देकर सूबेदारनी का लहनासिंह से अपने पति और पुत्र की रक्षा करने का आग्रह उसके लिए जीवन की धुरी बन गया।<br>लहनासिंह एक वीर और साहसी सिपाही है और ख़तरे के समय अपनी प्रत्युत्पन्नमति से काम लेता है। जब उसकी टुकड़ी में जर्मन गुप्तचर लपटन साहब बन कर आया तब उसकी सूझबूझ और चतुराई देखते ही बनती है। अपने मन के भाव छिपाकर उसने लपटन साहब की असलियत जाँची और उसे पहचानने में देर नहीं लगी कि यह लपटन साहब के वेश में जर्मन गुप्तचर है। अपनी राइफल के कुंदे से वार कर लपटन को बेहोश कर दिया और वजीरासिंह को हजारासिंह और बोधासिंह तक यह ख़बर पहुँचाने का हुक्म दिया। वह संकट के समय कदम उठाने से जरा भी नहीं झिझकता है और बाद में लड़ाई में अपनी साहसिकता का परिचय देता है।<br><br>इस बीच वह सूबेदारनी को दिए वचन के प्रति सजग रहकर हजारासिंह और बोधासिंह पर किसी तरह की आँच नहीं आने देता है। और अपने घावों के बारे में नहीं बताता है। कड़ाके की सर्दी में अपना कंबल बोधा को उढ़ा कर खुद ठंड में ठिठुरता है। उसकी कर्तव्यपरायणता का चरम रूप सूबेदार और बोधा को सकुशल गाड़ी में बैठाकर कहना, 'और जब घर जाओ तो कह देना कि मुझसे जो उन्होंने कहा था वह मैंने कर दिया' में है। वह अपना वादा पूरा करने के संतोष के साथ मरता है। मृत्यु शैया पर उसके मन में सूबेदारनी का कहा वचन और आम के बगीचे में कीरतसिंह के साथ आम खाने के चित्र मंडराते हैं। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(a) | सूबेदारनी से किए वादे के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देने का त्याग उन दोनों के संबंध की पवित्रता और गहराई पर मोहर लगा देता है। इस दृष्टि से लहनासिंह एक अनोखा नायक है जो रुमानी मानवीय संबंधों का एक अनुपम आदर्श स्थापित करता है। गुलेरी जी ने लहनासिंह के रूप में त्याग, बलिदान और विशुद्ध प्रेम के उदात्त स्वरूप की रचना की है जिसके कारण केवल तीन कहानियाँ लिखकर उनकी गणना हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ कहानीकारों में की जाती है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | हिंदी कथा साहित्य में प्रेमचंद का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने ग्रामीण जीवन के संघर्ष और उत्पीड़न को 'पूस की रात' कहानी में मार्मिक रूप से चित्रित किया है। कहानी में हल्कू का यथार्थ एक व्यंग बन कर रह गया है। मानों हल्कू समाज को चुनौती दे रहा हो कि अब समाज की यह व्यवस्था, जिसमें खून पसीना एक करके किसान अनाज पैदा करे और फिर भी आजीवन ऋण में डूबे रहकर महाजन का ब्याज चुकाता रहे और उसके परिवार को रोटी-कपड़े तक के लिए तरसना पड़े, और नहीं चलने वाली है।<br><br>कहानी की कथावस्तु अत्यंत संक्षिप्त है। गरीब किसान हलकू ने एक-एक पाई जोड़कर कम्बल के लिए तीन रुपये बचाए, किंतु अचानक सहना ने आकर अपने कर्ज़ का तकाज़ा किया और उसकी पत्नी मुन्नी की असहमति पर भी उसने वे रुपये सहना को दे दिये। हल्कू के सामने दो विकल्प हैं। वह महाजन की घुड़की और गाली-गलौज सुने या कंबल के लिए बचाए तीन रुपए उसे देकर छुटकारा पाए और बदले में रात भर खेत में सर्दी से ठिठुरता रहे। 'बला से जाड़ों में मरेंगे, बला तो सिर से टल जाएगी।' हल्कू के कथन में प्रेमचंद ने गरीबी की विवशता का मनोवैज्ञानिक चित्रण किया है। 'कम्बल के लिए कोई दूसरा उपाय सोचूँगा' कहकर हल्कू अपनी पत्नी को ही नहीं स्वयं को भी धोखा दे रहा है। वह मन ही मन ठीक से जानता है कि फिर से रुपए जमा करना संभव नहीं होगा। परिणाम स्वरूप उसे कंबल के अभाव में ठिठुरते हुए खेत में रात काटनी पड़ती है।<br>पूस की रात थी, हल्कू अपने कुत्ते जबरे के साथ खेत पर पत्तों की छतरी के नीचे ठंड से काँप रहा है। आठ बार चिलम पीने और जबरे को पास में सुलाने पर भी उसका ठिठुरना कम नहीं हुआ। रात बढ़ने के साथ-साथ ठंड भी बढ़ती गई। ठिठुरते हुए हल्कू ने सूखे पत्ते बटोरकर जलाए और आलस्य में पड़ा रहा और रात भर नील गाएँ खेत खाती रहीं। सुबह पत्नी ने आकर जगाया और बताया कि रात को जानवर खेत चर गये और अब मजूरी करके मालगुज़ारी भरनी होगी। उत्तर में हल्कू प्रसन्नता से कहता है-'रात को ठंड में यहाँ सोना तो न पड़ेगा।' कहानी का कथानक इस मनोवैज्ञानिक बिंदु पर आकर समाप्त हो जाता है। इस कहानी में प्रेमचंद आदर्श और यथार्थ से मुक्त निम्न वर्ग के चरित्र की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि को प्रस्तुत करते हैं। हल्कू किसान के बदले गाँव का मजदूर बन कर प्रसन्न है क्योंकि रात को ठंड में खेत में सोना तो न पड़ेगा। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | ‘पूस की रात’ के गरीब किसान हल्कू की कहानी किसानों के जीवन की असलियत से साक्षात्कार कराती है। वह सदा कर्ज़ में डूबा रहता है। मुन्नी कहती है, ‘न जाने कितना रुपया बाकी है जो किसी तरह अदा ही नहीं होता। मैं कहती हूँ, तुम खेती क्यों नहीं छोड़ देते। मर-मर कर काम करो। पैदावार हो तो उससे कर्ज़ा अदा करो। कर्ज़ा अदा करने के लिए तो हम पैदा ही हुए हैं। ऐसी खेती से बाज आए।’<br>मुंशी प्रेमचंद ने “पूस की रात” कहानी करीब 100 साल पहले (1921) लिखी थी। उस दौर में कृषि और किसानों की स्थिति को जानने समझने के लिए यह एक दुर्लभ कहानी है। मुंशी प्रेमचंद के रचना काल और वर्तमान दौर में किसानों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो एक बात तो स्पष्ट हो जाएगी कि किसानों के लिए स्थितियाँ आज भी बहुत बेहतर नहीं हुई हैं। परिणाम स्वरूप किसान खेतीबारी छोड़कर शहर में आकर छोटी-मोटी नौकरी करना श्रेयस्कर समझते हैं। पूस की रात में किसानों की दो समस्याएँ मुख्य रूप से उभरकर सामने आती हैं- कर्ज़ में डूबा किसान और खेती का लाभकारी न होना। हल्कू की तरह देश का किसान आज भी कर्ज़ में डूबा है और आज भी खेती लाभकारी नहीं है। जिस तरह हल्कू नीलगाय से फसल को बचाने के लिए रात में पहरेदारी करता था, उसी तरह आज भी किसान आवारा पशुओं से खेतों को बचाने के लिए रात भर जाग रहे हैं। “पूस की रात” किसान की स्थिति का प्रामाणिक दस्तावेज है। इसमें उसकी ऋण-ग्रस्तता, मौसम की मार, कर्ज़ चुकाने की असमर्थता, किसान का परिवेश व पशु धन के साथ रिश्ता, कृषि से हताशा और ऊब, को समझा जा सकता है। यह कहानी समस्या को संपूर्णता से साथ बताती है। इस दृष्टि से ‘पूस की रात’ एक सार्वकालिक कहानी है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ: सम्पादक: अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | लोचन विदेशी की गणना मॉरिशस के प्रमुख लेखकों में की जाती है। कॅनफेशन कहानी का मुख्य पात्र एक गरीब किशोर, जाक्सन राज कपूर की नई फिल्म देखने के लिए उत्सुक है। माँ से पैसे माँगने पर उसके उत्तर, 'घर में फूटी कौड़ी नहीं और तू रुपया माँगता है?', से परिवार की अभावग्रस्त स्थिति का परिचय मिलता है। उसकी विधवा माँ 20 रुपए मासिक की पेंशन के सहारे दो बच्चों के साथ गुजर-बसर करती है। अपनी माँ और बहन की मिन्नतें करने के बावजूद टिकट के लिए पैसों की व्यवस्था न कर पाने पर वह पालतू खरगोश बेचने की कोशिश करता है। परिस्थितिवश उसका आमना-सामना एक व्यक्ति से हुआ जो किसी विवाहित स्त्री के साथ पकड़े जाने के भय से छिपा हुआ है। उसके भेद को खोलने की धमकी देने पर वह व्यक्ति उसे खरगोश का मुँहमाँगा दाम तो दे देता है, पर उसकी गरीब माँ को असलियत मालूम होने पर बेटे की बेईमानी की कमाई स्वीकार्य नहीं। माँ के कहने पर कॅनफेशन करने के लिए चर्च जाने पर उसका साक्षात्कार पादरी के स्थान पर खड़े उसी व्यक्ति से होता है जो कुछ समय पहले एक विवाहित स्त्री के पति के घर आ जाने पर पकड़े जाने के भय से उसके साथ कमरे में छिपा था और जिसने अपना जघन्य अपराध छिपाने के लिए जाक्सन को खरगोश का मुँहमाँगा दाम दिया था। इस समय वही व्यक्ति दूसरों के पाप कर्म का कॅनफेशन लेने वाला पादरी है जिसने अपना पाप कर्म छिपाने के लिए जाक्सन से उसके मुँहमाँगे दाम पर खरगोश ख़रीदा था!<br>'कॅनफेशन' कहानी में लेखक ने जाक्सन के सिनेमा जाने के लिए टिकट के पैसे का इंतज़ाम करने के प्रसंग से धार्मिक संस्थाओं के ठेकेदार कहलाने वाले पादरी के चरित्र पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। दूसरों से 'कॅनफेशन' लेने वाला पादरी स्वयं एक विवाहित स्त्री के साथ अवैध सम्बन्ध रखता है। सामाजिक विकृति के इस कटु सत्य को लेखक ने सांकेतिक रूप से कुशलता पूर्वक चित्रित किया है। उसकी तुलना में जाक्सन की गरीब विधवा माँ है जो आर्थिक अभाव से संघर्ष करने के बावजूद धोखेबाजी से मिला पैसा लेने से मना कर देती है। लेखक का उद्देश्य दोनों के नैतिक मूल्यों की तुलना और घटनाओं के वर्णन की सादगी के माध्यम से धार्मिक संस्थाओं के भीतर पनपने वाले पाखण्ड और व्यभिचार को उघाड़ना है।<br>जाक्सन की दरिद्र माँ व्यभिचारी पादरी की तुलना में कहीं अधिक ईमानदार और सम्मान की पात्र है। अभाव और दरिद्रता से जूझने के बावजूद उसको अपने बेटे का बेईमानी से अर्जित धन स्वीकार नहीं। कहानी की विशेषता उसकी सादगी है। घटनाक्रम के विवरण से लेखक अपनी बात कह कर उसका निष्कर्ष निकालने का दायित्व पाठक पर छोड़ देता है। शिल्प की यह परिपक्वता कहानी को विशिष्ट बनाती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | पुष्पा बम्मा मॉरिशस की एक सशक्त कहानीकार हैं और 'फिसलन' मॉरिशस के सामाजिक जीवन में होने वाली विषमताओं की कई परतों की पड़ताल करने वाली एक सफल कहानी है। इस कहानी के माध्यम से लेखिका ने कैशौर्य से युवावस्था में संक्रमण करने वाले व्यक्ति की मानसिक स्थिति का विश्लेषण किया है और इस दृष्टि से यह केवल मॉरिशस ही नहीं किसी भी देश और काल की कहानी हो सकती है।<br><br>'फिसलन' की कथावस्तु का केंद्रबिंदु रिकेश एक ऐसा युवा है जिसके सामने न तो वर्तमान की कोई योजना है और न ही भविष्य का कोई लक्ष्य। कहानी संग्रह की भूमिका में अभिमन्यु अनत का कथन, 'इन कहानियों में अस्मिता की लड़ाई है' सटीक लगता है।<br><br>'फिसलन' एक ऐसे युवक की कहानी है जिसके सामने जीवन की कोई रूपरेखा नहीं है, परिस्थितियाँ ही उसका जीवन निर्धारित करती हैं। परिस्थितियाँ चाहे अनुकूल हों या प्रतिकूल उसके मन की अतृप्ति बनी ही रहती है। कहानी की मूल संवेदना यह रेखांकित करना है कि अतृप्ति, अवसाद और अकेलेपन की भावनाएँ अंतर्मन की संवेदना हैं जिनसे छुटकारा नहीं मिलता और परिस्थितियाँ ही जीवन की गति निर्धारित करती हैं।<br>कहानी का आरंभ रिकेश के असंतुष्ट पारिवारिक जीवन के वर्णन से होता है। वह अपने ही घर में पिता के हर बात में दखल करने, घर या बाहर कहीं भी अपने मन की बात न कह पाने की विवशता से क्षुब्ध और कुंठित है। बात-बात पर पिता की नसीहतें जब उसकी सहन-शक्ति के बाहर हो गईं तब वह घर छोड़ कर निकल पड़ा। अपना घर ही नहीं पूरे टापू में जैसे उसका दम घुटने लगा। पुष्पा बम्मा ने युवा मन की घुटन की संवेदना का सजीवता से चित्रण किया है। घर से तो निकल गया, पर वह नितांत कांदिशीक है, 'भाग कर कहाँ जाए? कहीं भी अनजान निर्जन स्थान नहीं अपने को खो देने के लिए। ...अपने युवा मन को संतुष्ट करने के लिए।' रिकेश आत्मविश्वास और आत्मसम्मान से शून्य एक ऐसा युवा है जो 'माँ-बाप, भाई-बहन, हित-मित्र क्या वह ख़ुद अपने आपके सामने एक गिरा हुआ इंसान लगता है।' जिसको अपने चारों तरफ़ अंधेरा ही दिखलाई देता है और अंधेरे से बाहर निकलने का कोई रास्ता न दिखलाई देने पर जीवन का अंत कर देने तक के पलायनवादी विचार उसके मन को घेरते हैं। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | निरुद्देश्य भाव से चलते हुए ग्राण्ड-रिवर के पुल पर पहुँचने पर नदी के किनारे बँधी नौका को देख कर उसे लगा कि उसका आक्रोश सूर्यास्त के साथ डूब गया। पास के होटल की धूल भरी फर्श पर पुराने अखबार पर सोकर रात बिताने के बाद पास के खेत में बकरियाँ चराने वाली लड़की मेली से संक्षिप्त सी मुलाकात उसके मन पर गहरी छाप छोड़ गई।<br><br>कुछ रातें भटकने के बाद भाई के पास लंदन जाकर तीन वर्ष बिताने और एक अंग्रेज़ लड़की से विवाह करके लौटने के प्रसंग के संक्षेप में उल्लेख और रिकेश का लौटकर मेली को खोजने की कथा में उसके मन की अपूर्ण इच्छा का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है। अपने पास सब कुछ होते हुए भी वह अपने मन में किसी कमी का अनुभव करता है। उस कमी को दूर करने के लिए वह मेली से फिर से मिलता है। लेकिन मेली अब पहले वाली बकरी चराने वाली देहाती लड़की नहीं। वह ज़िंदगी में आगे बढ़ चुकी है। अंत में रिकेश को लगता है कि 'वह सागर पार कर आया है फिर भी उसने अपनी ज़िंदगी में एक पग भी नहीं उठाया है। वह केवल फिसलता आ रहा है।'<br><br>यह कहानी रिकेश की मनोदशा के चित्रण द्वारा एक विषाद ग्रस्त युवा की मन:स्थिति को चित्रित करने में सफल है। असंतोष और विषाद की संवेदना किसी बाह्य परिस्थिति से प्रभावित न होकर व्यक्ति के भीतर जमी रहती हैं। उससे उबरने की चेष्टा अपने से बाहर खोजना विफलता ही देगा। रिकेश लंदन जाकर, मनचाही लड़की से विवाह करके भी अंत में अकेला ही रहा। वह कहानी की शुरुआत में जिस बेचैनी और विषाद की मनोदशा से ग्रस्त होकर अपने से बाहर सुकून की खोज में भटक रहा था, अंत तक वह उससे मुक्त नहीं हो सका क्योंकि विषाद और बेचैनी उसके भीतर है। उसके जीवन की इस विडम्बना को 'वह सागर पार कर आया है फिर भी उसने अपनी ज़िंदगी में एक पग भी नहीं उठाया है' द्वारा पुष्पा बम्मा ने अत्यंत प्रभावशाली रूप से अभिव्यक्त किया है। कहानी का यह अंतिम वाक्य अत्यंत सारगर्भित है। रिकेश का पूरा जीवन परिस्थितियों से परिचालित हुआ जिसको पुष्पा बम्मा ने 'फिसलन' के प्रतीक से अभिव्यक्त किया है। | |